दिनांक – 20.01.2020

"कायाकल्प निरीक्षण"

कायाकल्प निरीक्षण दिनांक 18.01.2020 को प्रो. डॉ. करन पीपरे चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में माननीय निदेशक महोदय ने अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण प्रातः 11:00 बजे से गेट नं. 1 से प्रारंभ होकर गेट नं. 4 पर समाप्त हुआ। निरीक्षण के दौरान माननीय निदेशक महोदय ने गेट नं. 1 के पास रखे निर्माण की अपशिष्ट सामग्रियों को शीघ्र हटाने के निर्देश दिये। आयुष भवन के सामने स्थायी रूप से बने हुए मलबे को भी समय सीमा के अंदर हटाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त गेट नं. 4 के पास वाले खाली जगह को उद्यान के रूप में विकसित करने के आदेश दिये। इस दौरान ट्रामा भवन, पंजीयन काउंटर (डोम) का भी निरीक्षण किया।

निदेशक महोदय और चिकित्सा अधीक्षक ने सभी को सकियता एवं रूचि लेकर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं कायाकल्प से संबंधित सभी कार्यों जैसे– सिविल वर्क, विद्युतीय कार्य, सेनेटेशन व हाइजिन, वाटर मैनेजमेंट आदि कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिखित रूप से सूचित करने के आदेश दिये।

इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक महोदय ने आगामी 24 जनवरी 2020 को कायाकल्प के पुनः निरीक्षण होने की सूचना दी। इस भ्रमण के दौरान श्री बी.के अग्रवाल वित्तीय सलाहकार, डॉ. रमेश चंद्राकर उपचिकित्सा अधीक्षक, डॉ. त्रिदिप दत्ता उपचिकित्सा अधीक्षक, श्री मनोज रस्तोगी कार्यपालन अभियंता, डॉ पदमा दास, डॉ एली मोहापात्रा, श्री एम.पी. दुबे लेखाधिकारी, श्री वी. सीतारामू प्रशासनिक अधिकारी(अस्पताल), श्री राजेन्दर सिंह नर्सिंग ट्यूटर, श्री हरीश मीना नर्सिंग ट्यूटर, श्री सौरभ सिंह एम.एस.एस.ओ. श्री मनीष एम.एस.एस.ओ., श्री विपिन कुशवाहा सहायक सुरक्षा अधिकारी, श्री वाए. दुर्गाराव सहायक सुरक्षा अधिकारी, श्री अतुल तिवारी सेनेटरी इंस्पेक्टर, श्री लुकेश देवांगन कनिष्ठ अभियंता, श्री नयन पारेख कनिष्ठ अभियंता, श्री पराग यदु कनिष्ठ अभियंता, श्री अमरनाथ चंद्रा कनिष्ठ अभियंता, सहित सभी सहायक नर्सिंग अधीक्षक, नर्सिंग अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित हुए।

Karanpure
20/01/2020

रिपोर्ट –
श्री हरीश मीना
नर्सिंग ट्यूटर